MPPSC UPSC

MPSI IAS IPS

प्रश्न-1) ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बॉरिस जॉनसन ने अपनी कैबिनेट में किसे गृह मंत्री का पद दिया है?

(A) साजिद जाविद
(B) प्रीतिपटेल
(C) राहुल सचदेवा
(D) नवतेज सरना

उत्तर (B) प्रीति पटेल

प्रीति पटेल ब्रिटेन में भारतीय मूल की पहली गृह मंत्री बनी हैं। प्रीति पटेल ने ब्रिटेन के यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर होने के पक्ष में जून 2016 के जनमत संग्रह की अगुआई में 'वोट लीव अभियान' चलाया था। वे ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर को अपना आदर्श नेता मानती हैं।

प्रश्न-2) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस शहर में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की स्मृति में म्यूजियम बनाने की घोषणा की है?

(A) मुम्बई
(B) हैदराबाद
(C) चेन्नई
(D) दिल्ली

उत्तर (D) दिल्ली

इन संग्रहालयों में प्रधानमंत्रियों के निजी जीवन से लेकर राजनीतिक यात्रा से जुड़ी हुई सामग्री और संवादों को संभाल कर रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह घोषणा पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर पर लिखी किताब, 'चंद्रशेखर-द लास्ट आइकन ऑफ आईडियोलॉजिकल पॉलिटिक्स' का विमोचन के दौरान किया। यह किताब हरिवंश और रविदत्त बाजपेयी ने साथ मिलकर लिखी है।

प्रश्न-3) सांसद व पूर्व फुटबॉलर प्रसून बनर्जी और राष्ट्रीय हॉकी टीम के पूर्व सदस्य केशव दत्त को साल 2019 में किस पुरस्कार से नवाजा जाएगा?

(A) मोहन बगान रत्न
(B) भारत रत्न
(C) अर्जुन पुरस्कार
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (A) मोहन बगान रत्न

29 जुलाई को मोहनबगान क्लब के स्थापना दिवस पर इस सम्मान से दोनों पूर्व खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। दोनों खिलाड़ी मोहनबगान क्लब के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे हैं।

Online Test Series
www.kautilyaacademy.in
CONTACT - +91 9111010991, 9425068121, 8718990943
Payal Plaza, Bhawarkuan Rd, Opp Bhawarkuan Police Station, Professor's Colony, Vishnu Puri Colony, Indore, Madhya Pradesh 452001

प्रश्न-4) हाल ही में केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने किस राज्य में बंदरों को एक वर्ष के लिये हिंसक जानवर (Vermin) घोषित किया है?

(A) उत्तरप्रदेश
(B) मध्यप्रदेश
(C) हिमाचल प्रदेश
(D) अरुणाचल प्रदेश

उत्तर (C) हिमाचल प्रदेश

मंत्रालय की घोषणा के बाद शिमला के स्थानीय अधिकारियों को गैर-वनीय क्षेत्रों में बंदरों को मारने के लिये एक वर्ष का समय दिया गया है। इस फैसले का पशु अधिकारों के लिये कार्य करने वाले संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम की धारा 62 के अंतर्गत प्रावधान है कि केन्द्र सरकार अनुसूची I, II के अतिरिक्त अन्य जंगली जानवरों को निर्दिष्ट क्षेत्र एवं अवधि के लिये हिंसक जानवर घोषित कर सकता है।

प्रश्न-5) निम्नलिखित में से किस शिक्षण संस्थान ने वृद्ध लोगों के लिए CARE4U नामक AI एप्प लॉंच किया है?

(A) IIT मद्रास
(B) IIT खड़गपुर
(C) IIT दिल्ली
(D) IIT कानपुर

उत्तर (B) IIT खड़गपुर

वृद्धावस्था में देखभाल के लिए IIT खड़गपुर के छात्रों ने एक मोबाइल एप्प विकसित की है, इस एप्प के द्वारा देखभाल करने वाले को किसी वृद्ध व्यक्ति के गिरने का पता चल जायेगा और उनकी लोकेशन की सटीक जानकारी मिल सकेगी। इस एप्प के द्वारा देखभाल करने वाले को वृद्ध जनों से कनेक्ट किया जायेगा। इसमें कई AI फीचर मौजूद हैं जैसे वृद्ध व्यक्ति के गिरने पर देखभाल करने वाले व्यक्ति के मूड का पता रखने के लिए इनमें फीचर जोड़ा गया है कि जैसे ही एप्प खोला जायेगा वृद्ध व्यक्ति की तस्वीर स्वतः ही रिकॉर्ड हो जाएगी।

प्रश्न-6) निम्नलिखित में से किसे देश का नया गृह सचिव बनाया गया है?

(A) अजय कुमार भल्ला
(B) देवेन्द्र पाल सिंह
(C) अमिताभ चक्रवर्ती
(D) सोमेश दासगुप्त

उत्तर- (A) अजय कुमार भल्ला

Online Test Series
www.kautilyaacademy.in
CONTACT - +91 9111010991, 9425068121, 8718990943
Payal Plaza, Bhawarkuan Rd, Opp Bhawarkuan Police Station, Professor's Colony, Vishnu Puri Colony, Indore, Madhya Pradesh 452001

ऊर्जा सचिव अजय कुमार भल्ला को गृह मंत्रालय में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी नियुक्त किया गया है और वह 31 अगस्त को गृह सचिव राजीव गौबा के सेवानिवृत्त होने पर उनकी जगह लेंगे। वहीं, वित्त व आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग को नया ऊर्जा सचिव बनाया गया है और अतानु चक्रवर्ती आर्थिक मामलों के सचिव नियुक्त हुए हैं।

प्रश्न-7) भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष (स्पेस) में दो दिवसीय युद्धाभ्यास किया है। इस युद्धाभ्यास का नाम दिया गया है:

(A) IndSpaceEx (B) IndspaceShakit

(C) CounterSpaceEx (D) CounterSpaceShakti

उत्तर (A) IndspaceEx.

भारत ने 25 जुलाई से अंतरिक्ष (स्पेस) में दो दिवसीय युद्धाभ्यास की शुरुआत की। यह अपनी तरह का पहला अंतरिक्ष युद्धाभ्यास है। इस युद्धाभ्यास को 'IndspaceEx' नाम दिया गया है। IndspaceEx में सैन्य-अधिकारियों के साथ-साथ स्पेस-साइंटिस्ट और इस क्षेत्र में रिसर्च कर रहे स्कॉलर्स भी हिस्सा लेंगे।

भविष्य के संभावित अंतरिक्ष युद्धों से निपटने की तैयारी और अपनी काउंटर-स्पेस क्षमताओं के मद्देनजर यह युद्धाभ्यास किया जा रहा है। इस युद्धाभ्यास से अंतरिक्ष में अपने संसाधनों की सुरक्षा में आने वाली चुनौतियों को समझने में भी मदद मिलेगी।

प्रश्न-8) हाल ही में जारी 'वैश्वीक नवाचार सूचकांक (GII) 2019' में भारत का स्थान है:

(A) 52 वाँ (B) 57 वाँ

(C) 71 वाँ (D) 82 वाँ

उत्तर-(A) 52 वाँ

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल ने 24 जुलाई को नई दिल्ली में 'वैश्वीक नवाचार सूचकांक (GII) 2019' जारी किया। भारत इस सूचकांक में 5 स्थान का सुधार करते हुए 52 वें पायदान पर पहुंच गया है। इस वर्ष यानी 2019 में GII का विषय (थीम) 'स्वस्थ जीवन का सृजन-चिकित्सा नवाचार का भविष्य' था।

GII सूचकांक में स्विट्जरलैंड पहले पायदान पर है। इसके बाद स्वीडन, अमेरिका, नीदरलैंड, ब्रिटेन, फिनलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, जर्मनी और

Online Test Series
www.kautilyaacademy.in
CONTACT - +91 9111010991, 9425068121, 8718990943
Payal Plaza, Bhawarkuan Rd, Opp Bhawarkuan Police Station,
Professor's Colony, Vishnu Puri Colony, Indore, Madhya Pradesh 452001

इजरायल का नम्बर आता है।

GII रैंकिंग का प्रकाशन हर साल कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, इन्सीड और संयुक्त राष्ट्र के विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (विपो) तथा GII के ज्ञान साझेदारों द्वारा किया जाता है। यह 129 अर्थव्यवस्थाओं की GII रैंकिंग का 12 वाँ संस्करण है, जो 80 संकेतकों पर आधारित है। बौद्धिक संपदा संबंधी आवेदन दाखिल करने की दरों से लेकर मोबाइल-एप्लीकेशन बनाना, शिक्षा पर व्यय और वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी प्रकाशन तक इन संकेतकों में शामिल हैं।

प्रश्न-9) किसे भारतीय लागत लेखाकार संस्थान का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?-

(A) बिस्वरूप

(B) अशोक चौहान

(C) बलविंदर सिंह

(D) देवेंद्र यादव

उत्तर (C) बलविंदर सिंह

भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने बलविंदर सिंह को अपना अध्यक्ष नियुक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया कि बिलस्वरूप बसु संस्थान के उपाध्यक्ष होंगे।

प्रश्न-10) फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज का स्थान क्या है?

(A) 117 वाँ

(B) 107 वाँ

(C) 104 वाँ

(D) 106 वाँ

उत्तर-(D) 106 वाँ

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज 42 स्थानों की छलांग के साथ फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में भारत की सबसे ऊंची रैंकिंग वाली कंपनी बन गई है। अभी तक इस सूची में सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन आयल कॉरपोरेशन (आईओसी) फॉर्च्यून 500 इंडिया सूची में पहले स्थान पर थी। पहली बार यह सूची 2010 में जारी हुई थी। फॉर्च्यून ने कहा, "इस साल रिलायंस इंडस्ट्रीज ग्लोबल 500 की सूची में 106 वें स्थान पर है। इसने आईओसी को पीछे छोड़ा है जो 117 वें पायदान पर है।"

By- Pankaj Bodiya

Online Test Series
www.kautilyaacademy.in
CONTACT - +91 9111010991, 9425068121, 8718990943
Payal Plaza, Bhawarkuan Rd, Opp Bhawarkuan Police Station, Professor's Colony, Vishnu Puri Colony, Indore, Madhya Pradesh 452001